

Windows 10
Operating System

ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System)-

आज कंप्यूटर हमारे जीवन का एक अहम् अंग बन गया है। शिक्षा, अनुसंधान और विकास तथा मनोरंजन जैसे अनेक क्षेत्रों में कंप्यूटर के उपयोग और उसकी सम्भावना बढ़ी है।

कंप्यूटर की विशाल क्षमता इसके ऑपरेटिंग सिस्टम में निहित है। ऑपरेटिंग सिस्टम कंप्यूटर का वह सॉफ्टवेयर है, जो कंप्यूटर से जुड़े हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को ऑपरेट, मैनेज और कण्ट्रोल करता है। ऑपरेटिंग सिस्टम यूजर के लिए एक ऐसा प्लेटफोर्म है, जहाँ से यूजर अपने कम को पूरा करता है।

जैसे- आपको पत्र लिखना है तो वर्ड प्रोसेसर का प्रयोग करते है। गणना करने के लिए स्प्रेडशीट का प्रयोग करते है। इनफार्मेशन को स्टोर करने के लिए डेटाबेस का इस्तेमाल करते है।

बाजार में अनेक प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम उपलब्ध है जैसे- माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Microsoft Windows), लिनक्स (linux) और उनिक्स (Unix)। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने नई खूबियों वाले व् आसानी से इस्तेमाल किये जाने वाले विंडोज नामक ऑपरेटिंग सिस्टम प्रदान करके मार्केट में सबसे आगे है।

विंडोज का इतिहास

- Windows 1-0- यह विंडोज का पहला संस्करण है। इसे सन् 1985 में प्रस्तुत किया गया था।
- Windows 2-0- सन् 1987 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 3-0- सन् 1990 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 3-1- सन् 1991 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 95- सन् 1995 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 4-0- सन् 1996 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 98- सन् 1998 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 2000/ME- सन् 2000 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows XP- सन् 2001 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows Vista- सन् 2006 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 7- सन् 2009 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 8- सन् 2013 में प्रस्तुत किया गया।
- Windows 10- सन् 2015 में प्रस्तुत किया गया।

माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किया गया सबसे लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम है- माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10

विंडोज 10 के लिए सिस्टम की जरूरतें-

विंडोज 10 को कंप्यूटर में इनस्टॉल करने के लिए निम्न हार्डवेयर का होना जरुरी है-


- 1 GHZ या इससे तेज गति का प्रोसेसर।
- 32 बिट सिस्टम के लिए 1 GB RAM और 64 बिट सिस्टम के लिए 2 GB RAM
- 32 बिट सिस्टम के लिए 16 GB हार्ड डिस्क स्पेस और 64 बिट सिस्टम के लिए 20 GB हार्ड डिस्क स्पेस
- डिस्प्ले 800X600

विंडोज 10 के यूजर इंटरफेस (User Interface) के बारें में जानकारी-

विंडोज 10 का यूजर इंटरफेस वह है, जिसके जरिए यूजर ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ इंटरैक्ट (Interact) या कार्य करता है।

विंडोज डेस्कटॉप (Windows Desktop) क्या है ?

जब आप अपने कंप्यूटर को पॉवर ऑन करते है, और विंडोज 10 लोड होता है। तब कंप्यूटर पर आप जो पहला स्क्रीन या विंडो एरिया देखते है, उसे विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम का डेस्कटॉप कहा जाता है।



विडोंज 7 कां डेस्कटॉप का चित्र

विंडोज 10 के डेस्कटॉप में निम्न विजुअल एलेमेंट्स होते है-


1. डेस्कटॉप आइकॉन्स (Desktop Icons)
2. डेस्कटॉप वॉलपेपर (Desktop Wallpaper)
3. टास्कबार (Taskbar)
4. स्टार्ट बटन (Start Button)
5. नोटिफिकेशन एरिया (Notification Area)

डेस्कटॉप आइकॉन्स के साथ कार्य करना-

विंडोज 10 डेस्कटॉप में आमतौर पर एक या अधिक छोटे-छोटे इमेज होते है। इन छोटे-छोटे इमेज को आइकॉन्स कहा जाता है।

आइकॉन्स किसी चीज का सांकेतिक प्रस्तुतीकरण है। जैसे- ड्राइव, फोल्डर, फाइल या प्रोग्राम। आप शीघ्र ही एक एप्लीकेशन को डेस्कटॉप से इसके आइकॉन पर डबल क्लिक करके खोल सकते है।

उदाहरण के लिए जब विंडोज 10 खुलता है, तब आप रीसायकल बिन (Recycle Bin) नाम का आइकॉन देखतें है, जो आपके डेस्कटॉप के ऊपरी-बाएँ कोने पर होता है।



रीसायकल बिन का प्रमुख कार्य मिटाए ये फाइल या फोल्डर को अस्थाई तौर पर स्टोर करना है। आप चाहे तो, इसे बाद में रीसायकल बिन से रिस्टोर या हमेशा के लिए मिटा सकते है।

डेस्कटॉप पर आइकॉन्स को शामिल करना-


आप डेस्कटॉप पर कई आइकॉन्स रख सकते है।

यदि आप अपने डेस्कटॉप पर आइकॉन्स को जोड़ना चाहते है तो निम्न स्टेप को फॉलो करें।

हम यहाँ अपने मामले में, विंडोज 10 में प्रयोग होने वाले कैलकुलेटर को डेस्कटॉप आइकॉन के रूप में जोड़ना चाहते है।

आइकॉन को जोड़ने के लिए-

1. टास्कबार में बाएँ और निचे लगे स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. प्रोग्राम लिस्ट से कैलकुलेटर प्रोग्राम को ड्रैग करते हुए, डेस्कटॉप पर ड्रॉप करें।




डेस्कटॉप पर कैलकुलेटर प्रोग्राम आइकॉन को जोड़ना

आपका मनचाहा प्रोग्राम डेस्कटॉप आइकॉन के रूप में डेस्कटॉप पर add हो जायेगा। इसे आप डबल क्लिक करके खोल सकते हैं।

डेस्कटॉप आइकॉन्स को व्यवस्थित (Arrange) करना-

डेस्कटॉप आइकॉन्स को एरेंज करने के लिए-


1. डेस्कटॉप के खाली स्थान पर कहीं भी राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू से व्यू (View) विकल्प को चुनें।
3. ऑटो ऐरेंज (Auto arrange) विकल्प को चुनें।



डेस्कटॉप आइकॉन्स को छुपाना-

डेस्कटॉप आइकॉन्स को छुपाने के लिए-

1. डेस्कटॉप के खाली स्थान पर कहीं भी राईट क्लिक करें।
2. View विकल्प को चुनें।
3. शो डेस्कटॉप आइकॉन्स (Show desktop icons) पर क्लिक करें।



डेस्कटॉप आइकॉन्स को छुपाना।

नोट- यहाँ इस विकल्प (Option) का चेक मार्क (✓) यह दर्शाता है कि, डेस्कटॉप पर आइकॉन्स दिखाना है। यदि आप चेक मार्क को क्लिक करके हटा देते है, तब डेस्कटॉप पर कोई भी आइकॉन्स डिस्प्ले नहीं होगा।


डेस्कटॉप बैकग्राउंड (Desktop Background) **अर्थात** Wallpaper **को बदलना।**


डेस्कटॉप का दिखावट (Appearance-अपीयरेंस) मुख्य रूप में इसके बैकग्राउंड पर निर्भर रहता है। डेस्क. टॉप बैकग्राउंड को वॉलपेपर भी कहते है। वॉलपेपर एक पिक्चर है,जो पुरे डेस्कटॉप पर फैला होता है। सभी डेस्कटॉप आइकॉन्स वॉलपेपर पर ही दिखाई देते है। और वॉलपेपर को आप जब चाहे बदल सकते है। वॉलपेपर को बदलना बहुत ही आसान है।

वॉलपेपर बदलने के लिए-

डेस्कटॉप के कहीं भी खाली स्थान पर राईट क्लिक करें।

1. पर्सनलाइज (Personalize) विकल्प पर क्लिक करें। (क्लिक करने के बाद आपके स्क्रीन पर डेस्कटॉप बैकग्राउंड विंडोज दिखाई देगा।)
2. आप इस विंडोज से वॉलपेपर को सेलेक्ट कर सकते है।
3. डेस्कटॉप बैकग्राउंड विंडो को बंद कर दें।





मेमोरी में स्टोर किसी इमेज को वॉलपेपर के रूप में सेट करना।

आप किसी खास इमेज को भी वॉलपेपर के रूप सेट कर सकते है। सेट करने के लिए-

1. आप उस लोकेशन को ओपन करें, जहाँ आपका इमेज सेव है।
2. इमेज पर राईट क्लिक करें, और कॉन्टेक्स्ट मेनू से सेट ऐज डेस्कटॉप बैकग्राउंड Set as desktop background विकल्प को चुनें

टास्कबार (Taskbar) का प्रयोग-

टास्कबार, डेस्कटॉप का एक महत्वपूर्ण भाग है। टास्कबार एक लम्बा क्षैतिज पट्टी है,जो स्क्रीन के सबसे निचले हिस्से में लगा होता है। टास्कबार के मदद से आप कंप्यूटर में स्थापित (Install) प्रोग्राम्स और डाक्यूमेंट्स को खोल सकते है।



विंडोज 10 का टास्कबार

टास्कबार को कस्टमाइज (Customize) करना-


टास्कबार पर कोई प्रोग्राम को पिन करना-

1. जिस प्रोग्राम को आप टास्कबार पर पिन करना चाहते है- उस प्रोग्राम पर राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू मोर विकल्प से पिन टू टास्कबार (Pin to taskbar) विकल्प को चुनें।

नोट- प्रोग्राम को अनपिन करने के लिए, टास्कबार पर लगे प्रोग्राम पर राईट क्लिक करें और अनपिन द प्रोग्राम फ्रॉम टास्कबार (Unpin the program from Taskbar) विकल्प को चुनें।


टास्कबार को लॉक या अनलॉक (Lock or unlock) करना-

1. टास्कबार के खाली स्थान पर राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू से लॉक द टास्कबार विकल्प को चुनें।



टास्कबार को स्वतः छिपाना (Auto&hiding the Taskbar)-

1. टास्कबार के खाली स्थान पर कहीं भी राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू से टास्कबार सेटिंग विकल्प को चुनें।
3. सेटिंग यलॉग बॉक्स से ऑटो-हाईड द टास्कबार चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें।
4. ओके बटन पर क्लिक करें।




टास्कबार को ऑटो हाईड करना।

स्टार्ट मेनू का इस्तेमाल (Using the Start Menu)-

स्टार्ट बटन  टास्कबार के बाई और लगा एक आयताकार बटन है। जिसपर माइक्रोसॉफ्ट का लोगो (Logo) लगा होता है।

स्टार्ट मेनू आपके कंप्यूटर में स्थापित सभी प्रोग्राम्स को खोलने का अधिकार देता है। आप स्टार्ट बटन से अपनी पसंद का कोई भी प्रोग्राम चुनकर खोल सकते है।




विंडोज 10 का स्टार्ट मेनु

प्रोग्राम को शुरू करना (Starting the Program)-

स्टार्ट मेनू का इस्तेमाल आमतौर पर प्रोग्राम्स को शुरू करने के लिए किया जाता है। इसके लिए आपको स्टार्ट बटन पर क्लिक करके, बाएं भाग से ऑल प्रोग्राम्स (All Programs) विकल्प को चुनना होता है।

जैसे, हम यहाँ स्टार्ट मेनू के मदद से कैलकुलेटर (Calculator) प्रोग्राम को खोलना चाहते है तो-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. ऑल प्रोग्राम्स विकल्प पर क्लिक करें।
3. एक्सेसरीज (Accessories) फोल्डर पर क्लिक करें।
4. कैलकुलेटर प्रोग्राम पर क्लिक करें।



स्टार्ट मेनू के मदद से कैलकुलेटर प्रोग्राम को खोलना।

विंडोज 10 प्रोग्राम्स के साथ काम करना (Working with Windows 7 Programs)-

विंडोज 10 में कई महत्वपूर्ण प्रोग्राम्स उपलब्ध है, जिनके प्रयोग से आप कई आवश्यक कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते है।

विंडोज 10 में उपलब्धा कुछ मुलभुत प्रोग्राम्स-

- ❖ वर्डपैड (Wordpad)
- ❖ पेंट (Paint)
- ❖ कैलकुलेटर (Calculator)
- ❖ स्निपिंग टूल (Snipping tool)
- ❖ विंडोज मीडिया प्लेयर (Windows Media Player)


वर्डपैड के साथ कार्य करना (Working with Wordpad)-

वर्डपैड एक वर्ड प्रोसेसिंग (Word Processing) प्रोग्राम है, इसके मदद से आप लैटर या रिपोर्ट बना सकते है, प्रिंट कर सकते है तथा भविष्य के लिए सुरक्षित भी कर सकते है।


वर्डपैड प्रोग्राम को खोलना (Opening the Wordpad Program)-

वर्डपैड को खोलने के लिए-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. WordPad को सर्च करें।
3. WordPad पर क्लिक करें।



वर्डपैड खुलने के बाद आपको निम्न विंडो मिलता है।



वर्डपैड प्रोग्राम का इंटरफेस

वर्डपैड के ऑब्जेक्ट (Object)-


1. फाईल टैब (File Tab)- वर्डपैड बटन का प्रयोग से आप, वर्डपैड में एक नई फाइल बना सकते है, बने फाइल को ओपन कर सकते है, फाइल को सुरक्षित कर सकते है तथा फाइल को प्रिंट भी कर सकते है।
2. क्विक एक्सेस टूलबार (Quick Access toolbar)- इससे आमतौर पर इस्तेमाल किये जानेवाले कमांड्स जैसे- Save, Undo और Redo को एक्सेस कर सकते है।
3. रिबन (Ribbon)- रिबन वर्डपैड में प्रयोग होने वाले सभी कमांड्स जैसे- एडिटिंग, फोर्मेटिंग को एक्सेस करने का अधिकार देता है।
4. पेज (Page)- यह आपका वर्किंग एरिया है, जहाँ आप अपना कार्य करते है।

पेंट प्रोग्राम के साथ कार्य करना (Working with Paint Program)-

एम.एस. पेंट (MS-Paint) एक ड्राइंग प्रोग्राम है, इसके प्रयोग से आप पिक्चर या ग्राफिक्स को ड्रा कर सकते है।


पेंट को खोलना-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. पेंट ऐप को सर्च करें।
3. सर्च रिजल्ट पर क्लिक करें।



पेंट को खोलना।

पेंट खुलने के बाद आपको निम्न विंडो मिलता है।



पेंट प्रोग्राम का इंटरफेस।

पेंट प्रोग्राम के ऑब्जेक्ट्स (Objects of Paint Program)-


1. फाइल टैब (File Tab)- पेंट बटन के प्रयोग से आप, पेंट में एक नई ड्राइंग बना सकते है, बने ड्राइंग को ओपन कर सकते है, ड्राइंग को सुरक्षित कर सकते है तथा ड्राइंग को प्रिंट भी कर सकते है।
2. क्विक एक्सेस टूलबार (Quick access toolbar)- इससे आमतौर पर इस्तेमाल किये जानेवाले कमांड्स जैसे- Save, Undo और Redo को एक्सेस कर सकते है।
3. रिबन (Ribbon)- रिबन पेंट में प्रयोग होने वाले सभी कमांड्स जैसे- एडिटिंग, फोर्मेटिंग, कलर को चुनना इत्यादी को एक्सेस करने का अधिकार देता है।
4. ड्राइंग एरिया (Drawing Area)- यह वह भाग है, जहां आप ड्राइंग करते है।

कैलकुलेटर प्रोग्राम के साथ कार्य करना (Working with Calculator Program)-


कैलकुलेटर एक ऐसा विंडोज ऐसोसिरिज प्रोग्राम है, जिसके मदद से आप गणितीय या वैज्ञानिक गणनाओं को आसानी से पूरा कर सकते है।

कैलकुलेटर को खोलना-


1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. कैलकुलेटर ऐप को सर्च करें।
3. सर्च रिजल्ट पर क्लिक करें।




कैलकुलेटर को खोलना।



स्टैन्डर्ड कैलकुलेटर



कन्वर्शन कैलकुलेटर




डेट कैलकुलेशन


स्निपिंग टूल के साथ कार्य करना (Working with Snipping Tool)-

स्निपिंग टूल के प्रयोग से आप कंप्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे किसी भी टेक्स्ट, इमेज, पिक्चर या अन्य दृश्य को स्निप कर सकते है।

स्निपिंग टूल को खोलना-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. स्निपिंग टूल को सर्च करें।
3. स्निपिंग टूल ऐप पर क्लिक करें।








विंडोज मीडिया प्लेयर का प्रयोग (Using Windows Media Player)-

विंडोज मीडिया प्लेयर एक डिजिटल मीडिया प्लेयर है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के ऑडियो और विडियो फाइलों को चलाने के लिए बनाया गया है। अर्थात, इसके प्रयोग से आप कंप्यूटर पर विडियो देख सकते है और ऑडियो सुन सकते है।




विंडोज मीडिया प्लेयर को खोलना-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. विंडोज मीडिया प्लेयर को सर्च करें।
3. विंडोज मीडिया प्लेयर ऐप पर क्लिक करें।

विंडोज मीडिया प्लेयर के मदद से ऑडियो फाइल को प्ले करना-

1. फाइल मेनू पर क्लिक करें।
2. ओपेन विकल्प को पर क्लिक करें।
3. ऑडियो फाइल को चुनें।
4. ओपेन बटन पर क्लिक करें।



विंडोज मिडिया प्लेयर में ऑडियो फाइल को खोलना।

फाइल एक्सप्लोरर के साथ कार्य करना (Working with File Explorer)-

फाइल एक्सप्लोरर, विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम का एक ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) सिस्टम प्रोग्राम है, इसके मदद से आप फाइल्स (Files) और फोल्डर्स (Folders) को व्यवस्थित (arrange) कर सकते है।

यहाँ फाइल एक्सप्लोरर को समझने के लिए, सबसे पहले आपको फाइल और फोल्डर को समझना होगा।

फाइल क्या होता है (What is file)?

फाइल किसी भी प्रकार की सुचना को जमा करने की बुनियादी इकाई होता है। कंप्यूटर में अनेक प्रकार के फाइल्स का प्रयोग किया जाता है। कुछ फाइल्स आप बनाते है, तो कुछ फाइल्स कंप्यूटर के लिए होता है। जैसे- टेक्स्ट फाइल, म्यूजिक फाइल, पिक्चर फाइल, सिस्टम फाइल और एप्लीकेशन फाइल इत्यादि।

फाइल्स को पहचानना-

कंप्यूटर में प्रयोग होने वाले सभी फाइल्स के नाम को बिंदु (dot) के मदद से दो भागों में बाटां जाता है।

- ❖ प्राथमिक नाम (Primary Name)
- ❖ एक्सटेंशन नाम (Extensions Name)


आप किसी फाइल को उसके एक्सटेंशन नेम से पहचान सकते है। जैसे- चित्र में दिए गये फाइल का प्राइमरी नाम **Wildlife** है, और एक्सटेंशन नाम **.wmv** है। **.wmv** एक्सटेंशन विडियो फाइल के लिए प्रयोग होता है, अर्थात यह फाइल एक विडियो फाइल है।



कुछ महत्वपूर्ण एक्सटेंशन नाम-


- ❖ **.mp3-** ऑडियो फाइल
- ❖ **.mp4-** विडियो फाइल
- ❖ **.bmp**- पिक्चर फाइल
- ❖ **.png**- पिक्चर फाइल
- ❖ **.jpg**- पिक्चर फाइल
- ❖ **.psd**- एडोब फोटोशॉप फाइल
- ❖ **.docx**- माइक्रोसॉफ्ट वर्ड फाइल
- ❖ **.xlsx**- माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल
- ❖ **.pptx**- माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइंट फाइल
- ❖ **.doc**- डॉक्यूमेंट फाइल
- ❖ **.txt**- टेक्स्ट फाइल
- ❖ **.exe**- प्रोग्राम फाइल
- ❖ **.hlp**- हेल्प फाइल
- ❖ **.pdf**- पी.डी.एफ फाइल
- ❖ **.dll**- डायनेमिक लिंक लाइब्रेरी फाइल

आप फाइल्स को उसके आइकॉन से भी पहचान सकते है जैसे-

आइकॉन	फाइल
	विडियो फाइल
	ऑडियो फाइल
	माइक्रोसॉफ्ट वर्ड फाइल
	माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल
	प्रोग्राम फाइल
	हेल्प फाइल
	फोटोशॉप फाइल

फोल्डर क्या है (What is Folder)?


फोल्डर डिस्क का एक भाग है, इसका प्रयोग फाइल्स को व्यवस्थित रूप में जमा करने के लिए किया जाता है। फोल्डर के अन्दर बने फोल्डर को सब-फोल्डर कहा जाता है। फोल्डर को पहचानना बहुत ही आसान है- फोल्डर का आइकॉन पीला रंग में होता है।



फाइल एक्सप्लोरर को खोलना-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. फाइल एक्सप्लोरर को सर्च करें।
3. फाइल एक्सप्लोरर ऐप पर क्लिक करें।

नोट- आप कीबोर्ड से, विंडोज की+E (+E) दबाकर भी विंडोज एक्सप्लोरर को खोल सकते है।



विंडोज एक्सप्लोरर का विंडोज


विंडोज एक्सप्लोरर के अवयव-

1. फाइल टैब (File Tab)
2. क्विक एक्सेस टूलबार (Quick Access Toolbar)
3. टैब (Tab)
4. रिबन (Ribbon)

5. एड्रेस बार (Address bar)
6. सर्च बॉक्स (Search Box)
7. नेविगेशन पैन (Navigation pane)
8. कंटेंट पैन (Content Pane)
9. डिटेल्स पैन (Details pane)

5. एड्रेस बार– एड्रेस बार विंडोज के सबसे ऊपर होता है। यह विंडोज एक्सप्लोरर में आपके कंप्यूटर फाइल्स और फोल्डरों की स्थिति बताता है। फाइल्स और फोल्डरों के पाथ (path) को दर्शाने के लिए यहाँ ▶ (तीर का चिन्ह) प्रयोग होता है। एड्रेस बार के मदद से आप एड्रेस बार में दिख रहे लोकेशन को क्लिक करके या इसमें नए लोकेशन को चुन के अन्य लोकेशन में मूव कर सकते है।


6. सर्च बॉक्स– सर्च बॉक्स के मदद से आप अपने कंप्यूटर के कोई भी लोकेशन में मौजूद फाइल्स या फोल्डर को बहुत ही तेजी में खोज सकते है। यह सुविधा इंस्टेंट सर्च (Instead Search) के रूप में भी जाना जाता है। जब आप सर्च बॉक्स में किसी फाइल या फोल्डर के नाम को टाइप करना शुरू करते है, तो सर्च किया गया रिजल्ट मिलती-जुलती फाइल्स या फोल्डर्स के रूप में कंटेंट पैन में दिखाया जाता है।



सर्च प्रोग्राम का प्रयोग

7. नेविगेशन पैन- नेविगेशन पैन विंडोज एक्सप्लोरर में बाएँ और स्थित होता है। इसके मदद से आप अपने कंप्यूटर में विभिन्न स्थानों में मौजूद फाइल्स और फोल्डर्स को आसानी से खोज और प्रयोग कर सकते है। नेविगेशन पैन के प्रयोग से आप फाइल्स और फोल्डर को एक जगह से दुसरे जगह मूव या कॉपी कर सकते है, फाइल और फोल्डर के नाम को बदल सकते है, उसे मिटा सकते है या उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

8. कंटेंट पैन- कंटेंट पैन करंट चुने गये लोकेशन के कंटेंट को दर्शाता है।




9. डिटेल्स पैन- डिटेल्स पैन आपके द्वारा चुनें गये फाइल या फोल्डर के बारे में विस्तृत सुचना प्रदान करता है। जैसे- फाइल का फॉर्मेट, फाइल या फोल्डर को बनाने की तारीख, फाइल का आकार इत्यादि।

फाइल और फोल्डर से जुड़ें मुलभुत ऑपरेशन (Performing Basic File and Folder Operations)-

विंडोज एक्सप्लोरर के मदद से हार्ड डिस्क में एक नये फोल्डर को बनाना (To create a new Folder using Windows explorer)-

1. विंडोज एक्सप्लोरर को खोलें।
2. नेविगेशन पैन से कंप्यूटर विकल्प पर क्लिक करें।
3. लोकल डिस्क क्रू को खोलें।
4. टूलबार से न्यू फोल्डर (New folder) कमांड को चुनें।
   (आपको न्यू फोल्डर के नाम से एक खाली फोल्डर कंटेंट पैन में दिखाई देगा)
5. न्यू फोल्डर का नाम टाइप करें।

नोट- नई फोल्डर बनाने के लिए- कीबोर्ड शॉर्टकट की (Ctrl+Shift+N) का प्रयोग कर सकते है।




वर्डपैड में बने फाइल को आपके द्वारा बनाये गए फोल्डर में सुरक्षित करना।

1. वर्डपैड को खोलें।
2. फाइल से सम्बंधित कंटेंट को टाइप करें।
3. वर्डपैड मेनू पर क्लिक करें।
4. सेव विकल्प को चुने।
5. सेव डायलॉग बॉक्स के नेविगेशन पैन से अपने फोल्डर का लोकेशन चुनें।
6. डायलॉग बॉक्स के कंटेंट पैन से फोल्डर को चुनें।
7. फाइल का नाम टाइप करें।
8. सेव बटन पर क्लिक करें।

नोट- सेव करने की इस प्रक्रिया का प्रयोग करके आप, Paint या अन्य प्रोग्राम के फाइल को अपने फोल्डर में सुरक्षित कर सकते है।

फाइल या फोल्डर के नाम को बदलना (To rename file or folder)-

1. जिस फाइल या फोल्डर के नाम को बदलना है, उसपर राईट क्लिक करें।
2. रीनेम ब्दत्मदंउमऋ विकल्प को चुनें।
3. फाइल या फोल्डर का नया नाम टाइप करें।




फाइल या फोल्डर को मिटाना (Delete)-

1. जिस फाइल या फोल्डर को आप मिटाना चाहते है- उसपर राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू से डिलीट विकल्प को चुनें।


नोट- यदि आप फाइल या फोल्डर को हार्ड डिस्क से डिलीट करते है, तो यह फाइल या फोल्डर अस्थाई रूप से डिलीट होता है। और यह रीसायकल बिन (Recycle Bin) में जमा हो जाता है। जिसे बाद में आप पुनः प्राप्त कर सकते है या स्थाई रूप से डिलीट कर सकते है।


रीसायकल बिन को डेस्कटॉप पर लगे आइकॉन पर डबल क्लिक करके आप ओपेन कर सकते है।



फाइल, फोल्डर या ड्राइव के बारें में जानकारी प्राप्त करना-


1. जिस फाइल, फोल्डर या ड्राइव के बारें में आपको जानकारी प्राप्त करना है- उसपर राईट क्लिक करें।
2. कॉन्टेक्स्ट मेनू से प्रॉपर्टीज (Properties) विकल्प को चुनें।





फाइल या फोल्डर को एक स्थान से दुसरे स्थान पर मूव (Move) या कॉपी (Copy) करना-

1. जिस फाइल या फोल्डर को आप मूव या कॉपी करना चाहते है- उसपर राईट क्लिक करें।
2. मूव के लिए कट (Cut) और कॉपी (Copy) के लिए कॉपी विकल्प को चुनें।
3. उस स्थान को चुनें, जहाँ आपको पेस्ट (Paste) करना है।
4. कंटेंट पैन के खाली स्थान पर राईट क्लिक करें, और पेस्ट विकल्प को चुनें।



नोट- आप कट-कॉपी-पेस्ट (cut-copy-paste) के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट कीज का भी इस्तेमाल कर सकते है।

Cut- Ctrl+X
Copy- Ctrl+C
Paste- Ctrl+V


विंडोज 10 के कण्ट्रोल पैनल (Control Panel) का प्रयोग-

कण्ट्रोल पैनल कंप्यूटर का एक टूलबॉक्स है। जिसके मदद से आप कंप्यूटर से जुड़ें सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को कॉन्फिगर और कण्ट्रोल कर सकते है।


कण्ट्रोल पैनल में बहुत सारे टूल्स होते है, जिनके मदद से आप कंप्यूटर से जुड़ें सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के सेटिंग्स को अपने कार्यानुसार बदल सकते है।

कण्ट्रोल पैनल को खोलना-


1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. कण्ट्रोल पैनल को सर्च करे।



कन्ट्रोल पैनल को खोलना।



जब आप कण्ट्रोल पैनल को ओपेन करते है, तब इसके टूल्स केटेगरी के अनुसार प्रदर्शित होते है। जिसे आप अपने सुविधानुसार व्यू बाई- लार्ज आइकॉन्स (View by-Large Icons) में बदल सकते है। जैसा की नीचे दिए गये चित्र में दिखाई दे रहा है।




कण्ट्रोल पैनल के कुछ महत्वपूर्ण टूल्स-

- ❖ डेट एंड टाइम (Date and Time)- इस टूल के प्रयोग से आप कंप्यूटर के करेंट डेट और टाइम को बदल सकते है।
- ❖ डिस्प्ले (Display)- इस टूल के प्रयोग से आप कंप्यूटर से जुड़ें डिस्प्ले सम्बंधित सभी विकल्प को अपने अनुसार बदल सकते है।
- ❖ डिवाइस एंड प्रिंटर्स (Devices and Printer)- इस टूल के मदद से आप कंप्यूटर में नए डिवाइस (जैसे- मोबाइल फोन, ब्लूटूथ इत्यादि) और प्रिंटर्स को जोड़ सकते है या इसके बारें में जानकारी प्राप्त कर सकते है।
- ❖ माउस (Mouse)- इस टूल के मदद से आप माउस से जुड़ें सभी कार्यों (जैसे- माउस के बटन, माउस पॉइंटर, क्लिक स्पीड) को अपने कार्यानुसार बदल सकते है।
- ❖ पर्सनालाइजेशन (Personalization)- इस टूल के मदद से आप डेस्कटॉप बैकग्राउंड/ वॉलपेपर, विंडोज कलर, विंडोज साउंड्स, स्क्रीन सेवर को बदल सकते है।
- ❖ पॉवर ऑप्शन (Power options)- इस टूल के मदद से आप कंप्यूटर पॉवर को मैनेज कर सकते है।
- ❖ रीजन एंड लैंग्वेज (Rigon and Language)- यह टूल आपके कंप्यूटर से जुड़ें रीजन सेटिंग (जैसे- नंबर, करेंसी, डेट एंड टाइम फॉर्मेटस्) साथ ही कंप्यूटर लैंग्वेज को अपने कार्यानुसार बदल सकते है।
- ❖ सिस्टम (System)- यह टूल आपके सिस्टम से जुड़ें प्रोसेसर, रैम, ऑपरेटिंग सिस्टम की जानकारी देता है।

विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम को बंद करना-

1. स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।
2. शट डाउन विकल्प को चुनें।



विंडोज 10 के शॉर्टकट कीज़

General keyboard shortcuts

The following table contains general keyboard shortcuts-

Press this key	To do this
F1	Display Help
Ctrl+C (or Ctrl+Insert)	Copy the selected item
Ctrl+X	Cut the selected item
Ctrl+V (or Shift+Insert)	Paste the selected item
Ctrl+Z	Undo an action
Ctrl+Y	Redo an action
Delete (or Ctrl+D)	Delete the selected item and move it to the Recycle Bin
Shift+Delete	Delete the selected item without moving it to the Recycle Bin first
F2	Rename the selected item
Ctrl+Right Arrow	Move the cursor to the beginning of the next word
Ctrl+Left Arrow	Move the cursor to the beginning of the previous word
Ctrl+Down Arrow	Move the cursor to the beginning of the next paragraph
Ctrl+Up Arrow	Move the cursor to the beginning of the previous paragraph
Ctrl+Shift with an arrow key	Select a block of text
Shift with any arrow key	Select more than one item in a window or on the desktop, or select text within a document
Ctrl with any arrow key+Spacebar	Select multiple individual items in a window or on the desktop
Ctrl+A	Select all items in a document or window
F3	Search for a file or folder
Alt+Enter	Display properties for the selected item
Alt+F4	Close the active item, or exit the active program
Alt+Spacebar	Open the shortcut menu for the active window
Ctrl+F4	Close the active document (in programs that allow you to have multiple documents open simultaneously)
Alt+Tab	Switch between open items
Ctrl+Alt+Tab	Use the arrow keys to switch between open items
Ctrl+Mouse scroll wheel	Change the size of icons on the desktop

Press this key	To do this
Windows logo key +Tab	Cycle through programs on the taskbar by using Aero Flip 3-D
Ctrl+Windows logo key +Tab	Use the arrow keys to cycle through programs on the taskbar by using Aero Flip 3-D
Alt+Esc	Cycle through items in the order in which they were opened
F6	Cycle through screen elements in a window or on the desktop
F4	Display the address bar list in Windows Explorer
Shift+F10	Display the shortcut menu for the selected item
Ctrl+Esc	Open the Start menu
Alt+underlined letter	Display the corresponding menu
Alt+underlined letter	Perform the menu command (or other underlined command)
F10	Activate the menu bar in the active program
Right Arrow	Open the next menu to the right, or open a submenu
Left Arrow	Open the next menu to the left, or close a submenu
F5 (or Ctrl+R)	Refresh the active window
Alt+Up Arrow	View the folder one level up in Windows Explorer
Esc	Cancel the current task
Ctrl+Shift+Esc	Open Task Manager
Shift when you insert a CD	Prevent the CD from automatically playing
Left Alt+Shift	Switch the input language when multiple input languages are enabled
Ctrl+Shift	Switch the keyboard layout when multiple keyboard layouts are enabled
Right or Left Ctrl+Shift	Change the reading direction of text in right-to-left reading languages

Windows logo key keyboard shortcuts

The following table contains keyboard shortcuts that use the Windows logo key.

Press this key	To do this
Windows logo key	Open or close the Start menu.
Windows logo key +Pause	Display the System Properties dialog box.
Windows logo key +D	Display the desktop.
Windows logo key +M	Minimize all windows.
Windows logo key +Shift+M	Restore minimized windows to the desktop.
Windows logo key +E	Open Computer.
Windows logo key +F	Search for a file or folder.
Ctrl+Windows logo key +F	Search for computers (if you're on a network).
Windows logo key +L	Lock your computer or switch users.
Windows logo key +R	Open the Run dialog box.
Windows logo key +T	Cycle through programs on the taskbar.
Windows logo key +number	Start the program pinned to the taskbar in the position indicated by the number. If the program is already running, switch to that program.
Shift+Windows logo key +number	Start a new instance of the program pinned to the taskbar in the position indicated by the number.
Ctrl+Windows logo key +number	Switch to the last active window of the program pinned to the taskbar in the position indicated by the number.
Alt+Windows logo key +number	Open the Jump List for the program pinned to the taskbar in the position indicated by the number.
Windows logo key +Tab	Cycle through programs on the taskbar by using Aero Flip 3-D.
Ctrl+Windows logo key +Tab	Use the arrow keys to cycle through programs on the taskbar by using Aero Flip 3-D.
Ctrl+Windows logo key +B	Switch to the program that displayed a message in the notification area.
Windows logo key +Spacebar	Preview the desktop.
Windows logo key +Up Arrow	Maximize the window.
Windows logo key +Left Arrow	Maximize the window to the left side of the screen.
Windows logo key +Right Arrow	Maximize the window to the right side of the screen.
Windows logo key +Down Arrow	Minimize the window.
Windows logo key +Home	Minimize all but the active window.
Windows logo key +Shift+Up Arrow	Stretch the window to the top and bottom of the screen.
Windows logo key +Shift+Left Arrow or Right Arrow	Move a window from one monitor to another.
Windows logo key +P	Choose a presentation display mode.
Windows logo key +G	Cycle through gadgets.
Windows logo key +U	Open Ease of Access Center.
Windows logo key +X	Open Windows Mobility Center.